Modicare FOUNDATION

KHWABON KA KARWAAN

A MONTHLY NEWSLETTER

/modicarefoundation.org /officialmodicarefoundation modicarefoundation

जनवरी 2022



डॉ सुमित दुबे द्वारा हिफ़ाज़त स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत ऑनलाइन सत्र का संचालन

हिफ़ाज़त कार्यक्रम को ऑनलाइन लॉन्च किया गया

मोदीकेयर फॉउंडेशन ने अपने व्यापक सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम "हिफ़ाज़त" को 30 जनवरी 2022 को डॉ सुमित दुबे के साथ पहला सामुदायिक स्वास्थ्य वेबिनार आयोजित किया। जसोला समुदाय के 300 से अधिक सदस्यों ने वेबिनार में भाग लिया।

वेबिनार में, डॉ दुबे ने कोरोनावायरस के ओमिक्रॉन प्रकार, लक्षण, सावधानियाँ, डॉक्टर से परामर्श लेने का सही समय आदि के बारे में बात की। उन्होंने दाँतों के स्वास्थ्य और स्वच्छता से संबंधित मुद्दों पर भी जागरूक किया, जिसमें दाँतों को ब्रश करने का सही तरीका प्रदर्शित करना शामिल था। वेबिनार के अंत में, डॉ दुबे ने प्रतिभागियों से उनकी स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के बारे में प्रश्न पूछे।

प्रतिभागियों की प्रतिक्रिया अत्यधिक सकारात्मक रही और फाउंडेशन स्त्री रोग विशेषज्ञों, बाल रोग विशेषज्ञों आदि के साथ इस तरह के वेबिनार आयोजित करने की योजना बना रहा है।

हिफ़ाज़त कार्यक्रम में रोगों की रोकथाम, बचाव, स्वास्थ्य देखभाल और स्वच्छता वाले व्यवहार को बढ़ावा देने पर ज़ोर दिया जायेगा।

ख़्वाबगाह के छात्रों द्वारा बनाई गई कलाकृतियाँ

Modicare FOUNDATION

KHWABON KA KARWAAN

A MONTHLY NEWSLETTER

/modicarefoundation.org /officialmodicarefoundation modicarefoundation



ख़्वाबगाह बच्चों के लिए ऑनलाइन कक्षाएँ

एसडीएमसी प्रतिभा विद्यालय जसोला में पढ़ने वाले प्राथमिक बच्चों के लिए ख़्वाबगाह टीम ने ऑनलाइन कक्षाएँ शुरू कीं। बच्चों को उनकी प्रारंभिक हिंदी, गणित और अंग्रेजी में मदद करने के लिए कक्षाएँ शुरू की गई हैं।

शिक्षकों को उन छात्रों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है जो ऑनलाइन कक्षाओं में पढ़ाई करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। प्रारंभिक हिंदी, गणित और अंग्रेजी के अलावा, ख़्वाबगाह शिक्षक कला, शिल्प और शारीरिक शिक्षा पर भी सत्र ले रहे हैं।

शिक्षक छात्रों को सत्र से जोड़े रखने के लिए शैक्षिक वीडियो, पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन आदि जैसे विभिन्न तरीकों का उपयोग कर रहे हैं।

ऑनलाइन शिक्षण के अनुभव – अकील

ऑनलाइन क्लास लेने का अनुभव बहुत ही अच्छा रहा है, इससे मुझे बहुत सीखने का मौका मिला। मैंने सत्रों में इतने ज़्यादा छात्रों के शामिल होने की उम्मीद नहीं की थी, क्योंकि कई अभिभावकों ने पैसों की कमी के कारण अपने फोन रिचार्ज करने में असमर्थता व्यक्त की थी। स्कूल खुलने को लेकर अनिश्चितता के कारण, ऑनलाइन कक्षाएँ बच्चों को प्राम्भिक हिंदी, अंग्रेजी और गणित को बनाए रखने और सीखने में मदद कर रही हैं।

मैंने देखा है कि माता-पिता और छात्र दोनों इन ऑनलाइन कक्षाओं को लेकर उत्साहित हैं। बच्चों को अपनी आँखों के सामने सीखता देख माता-पिता खुश होते हैं। इन परिवारों के पास संसाधनों की कमी है, लेकिन बच्चे ऑनलाइन मोड के माध्यम से सीखने की इच्छा प्रदर्शित कर रहे हैं। उनके पास बहुत सारे प्रश्न हैं, वे सहभागी हैं और उन्होंने गणतंत्र दिवस के बारे में एक ऑनलाइन प्रतियोगिता में भाग भी लिया।